तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 बैकुंठपुर में विजयादशमी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



खबर संक्षेप

आज से स्कूलों के खुलेंगे पट

बैकुण्ठपुर। दशहरा अवकाश के बाद आज से जिले भर के स्कूलों के बंद पट खुल जाएंगे। इसके साथ ही फिर से स्कूल परिसर विद्यार्थियों की उपस्थिति से गुलजार होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 17 अक्टूबर से विद्यालयों में दशहरा का अवकाश घोषित किया गया था। पॉच दिनों के अवकाश के बाद आज गुरूवार से स्कूल खुलेंगे। वही एक पखवाडे पश्चात विद्यालयों में दीपावली पर्व का अवकाश शुरू हो जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने दीपावली का अवकाश 6 नवंबर से 11 नवंबर तक घोषित की है। दीपावली के अवकाश में एक दिन की बढ़ोतरी की गई है।

31 दिसंबर तक लगेंगे वित्तीय समावेशन शिविर

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में वित्तीय समावेशन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक ग्राम पंचायत एवं शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। अग्रणी बैंक कार्यालय कोरिया के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर यह अभियान चलाया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक एसबी पाठक ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जनधन खातों से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही अपरिचालित खातों को सक्रिय करने, जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष में अंतरित खातों तथा री-केवाईसी और सी-केवाईसी से संबंधित कार्य भी बैंकों द्वारा किए जाएंगे। पंचायतवार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित होंगे, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

30 तक कराएं ई-केवाईसी

मनेन्द्रगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारी हितग्राहियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिले के सभी राशन कार्डधारियों को अपने राशन कार्ड में पंजीकृत सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने तथा जिन सदस्यों का ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है, उनका आवश्यक सत्यापन कराने की अपील की गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में यह पूरी प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण कराई जानी है। जिला खाद्य शाखा ने सभी राशन कार्डधारी परिवारों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराएं। इसके लिए हितग्राही अपनी शासकीय उचित मूल्य की दुकान में स्थापित मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मेरा ई-केवाईसी मोबाइल ऐप का उपयोग करके भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। जिन राशन कार्ड सदस्यों का ई-केवाईसी अब तक पूरा नहीं हुआ है।

लोलकी और जोगिया के ग्रामीणों में दहशत, फसल बचाने रातभर कर रहे रतजगा

सोनहत में हाथियों की दस्तक, रौंदी फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के वनांचल सोनहत जनपद क्षेत्र में हाथियों के दो दलों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों के दल ने क्षेत्र के कई किसानों के खेतों में पहुंचकर धान की खड़ी फसल को रौंदने के साथ ही उसे खाकर नुकसान पहुंचाया है।

हाथियों की आमद की सूचना मिलने के बाद वन विभाग का अमला लगातार निगरानी कर रहा है। वहीं प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने, हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और उनके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनहत जनपद क्षेत्र के ग्राम लोलकी और जोगिया के आसपास के जंगलों में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से हाथियों के दल की मौजूदगी बनी हुई है। हाथी कई बार जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र के आसपास पहुंच रहे हैं। इस दौरान किसानों के खेतों में घुसकर धान की फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे प्रभावित गांवों के ग्रामीण अपनी फसल बचाने और जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हाथियों की आवाजाही के कारण ग्रामीण रात में भी सतर्क रहने और रतजगा करने को मजबूर हैं।

कछाड़ी बीट में चार हाथियों का दल

जानकारी के अनुसार, सोनहत जनपद क्षेत्र की कछाड़ी बीट में चार हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। वहीं जोगिया बीट में भी हाथियों के एक अन्य दल की मौजूदगी बताई जा रही है। दो अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों के नजदीक नहीं जाने, उन्हें उकसाने से बचने और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी जा रही है। हाथियों के दल ने कछाड़ी बीट क्षेत्र में कई किसानों के खेतों में पहुंचकर धान की खड़ी फसल को रौंद दिया। वहीं कुछ खेतों में धान की फसल खाकर भी नुकसान पहुंचाया गया है। फसल बर्बाद होने से प्रभावित किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से फसल नुकसान का आकलन कराकर नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की है। वहीं हाथियों की लगातार आवाजाही को देखते हुए ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।

दूसरे दिन भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

धूमधाम से निकली यात्रा, जमकर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शारदीय नवरात्र में 9 दिनों तक शक्ति की देवी की आराधना विधि-विधान के साथ करने के बाद दशमी तिथि मंगलवार को शहर सहित अंचल में स्थित कई दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा पूजा पण्डालों में स्थापित माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, वहीं कुछ जगहों की प्रतिमाओं का विसर्जन दूसरे दिन बुधवार को किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को शहर के पेरमाबाग, एसईसीएल कॉलोनी सहित अन्य जगहो पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन की झांकी निकाल कर विसर्जन कुण्ड स्थल पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। इसके एक दिन पूर्व शहर के कचहरीपारा, स्कूलपारा सहित अधिकांश जगहों पर विराजी गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया गया। झुमका बांध तट पर स्थित कुण्ड मूर्ति विसर्जन के लिए कतार लगी थी और देर रात तक विसर्जन का क्रम चलता रहा।



बनी विवाद की स्थिति

मंगलवार को शहर के स्थानों पर स्थापित देवी मूर्तियों का विसर्जन के लिए झुमका तट स्थित कुण्ड पर विसर्जन के लिए वाहनों की प्रतिमाओं को सजाकर विसर्जन के लिए ले जाया गया था जहां एक-एक कर सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था। इसमें वक्त लगने के कारण कई जगहो की देवी प्रतिमाओं के वाहन कतार में लगे थे इसी दौरान जमकर विवाद होने की जानकारी है। उल्लेखनीय है कि विसर्जन स्थल पर देर रात तक विसर्जन का क्रम चलता रहा।

चरचा कॉलरी में धूमधाम से निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा



चरचा कॉलरी। शारदीय नवरात्र पर्व एवं विजयादशमी के समापन के पश्चात कोयलांचल क्षेत्र चरचा कॉलरी में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। मां दुर्गा को विदाई देने के लिए श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। इस दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। चरचा कॉलरी में एसईसीएल चरचा आरओ द्वारा हनुमान मंदिर स्थित दुर्गा पंडाल में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा तथा मिलनी क्लब बंगाली समाज के दुर्गा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। दोनों आयोजनों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और माता रानी को भावभीनी विदाई दी।एसईसीएल चरचा आरओ द्वारा प्रतिवर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। पूर्व में यहां प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण एवं सादगीपूर्ण तरीके से किया जाता रहा है।

रामपुर कॉलोनी में जय माता दी के जयकारों से गूंजा पंडाल



बैकुण्ठपुर। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति एसईसीएल रामपुर कॉलोनी के तत्वावधान में 21 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन पर्व पर मॉ भगवती दुर्गा के विसर्जन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक सिंदूर खेला रहा, जिसमें कॉलोनी की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही पूजा पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दशमी पूजा और अपराजिता पूजा संपन्न की गई। दोपहर में विसर्जन से पूर्व सिंदूर खेला की रस्म शुरू हुई। सर्वप्रथम महिलाओं ने मॉ दुर्गा को सिंदूर, लाल चुनरी, पान, सुपारी और मिठाइयां अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मां को सिंदूर अर्पित करने के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर भरकर और गालों पर सिंदूर लगाकर अखंड सुहाग, पारिवारिक सुख-शांति, समृद्धि और दीर्घायु की मंगलकामना की। इस दौरान महिलाओं के चेहरे पर उल्लास, आंखों में मां के जाने का भावुक क्षण और एक-दूसरे के प्रति प्रेम का अनोखा संगम देखने को मिला।

मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद

चरचा कॉलरी। शारदीय नवरात्र पर्व के समापन अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा के चरचा कॉलरी क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और श्रद्धा का अनुपम नजारा देखने को मिला। नौ दिनों तक विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के बाद माता रानी की विदाई से पूर्व विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।



इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरे क्षेत्र में माता रानी के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। शारदीय नवरात्र के दौरान चरचा क्षेत्र के सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल, मिलनी क्लब बंगाली समाज दुर्गा पूजा पंडाल तथा एसईसीएल चरचा आरओ द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित दुर्गा पंडाल में नौ दिनों तक श्रद्धा और उत्साह के साथ धार्मिक आयोजन किए गए। सभी पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह और शाम होने वाली आरती, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नवरात्र के दौरान पूरा क्षेत्र माता रानी की भक्ति में सराबोर रहा और दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। माता रानी की विदाई से पूर्व सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। इस दौरान महिलाओं ने माता के चरणों में श्रद्धा और विश्वास के साथ सिंदूर चढ़ाकर अपने सुहाग की लंबी उम्र, परिवार की सुख-शांति की कामना की। महिलाओं ने मां दुर्गा के समक्ष प्रार्थना करते हुए परिवार में प्रेम, एकता और समृद्धि बनाए रखने की कामना की।

बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में लगेंगी विभागीय प्रदर्शनियां, स्थानीय कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम पर 2 नवंबर को मनेगा राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित मिनी स्टेडियम में होने वाले इस आयोजन की मुख्य थीम सशक्त नारी, युवा उड़ान होगी।



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बुधवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन के निदेर्शों के अनुरूप तैयारियां सुनिश्चित करने और अपने-अपने विभाग की प्रदर्शनी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों में विभागीय उपलब्धियों, राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और सफल परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। आयोजन में स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शालीनता बनाए रखने के निर्देश दिए। राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 3 नवंबर तक जिला मुख्यालय के शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी।

कलेक्टर ने प्रकाश व्यवस्था में भी सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। निजी संस्थाओं को भी अपने भवनों पर रोशनी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी, बैकुंठपुर एवं सोनहत के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

लापरवाही पर बुड़ार के प्रधान पाठक निलंबित

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं विद्यालय संचालन में अनियमितताएं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया ने पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ार, विकासखंड बैकुंठपुर के प्रधान पाठक अनिल कुमार पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में 16 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, 30 सितंबर को सहायक संचालक शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरिया एवं प्रभारी प्राचार्य, जेम्स सोनहत द्वारा विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक के कर्तव्य अवधि में मदिरा सेवन की स्थिति में विद्यालय में उपस्थित होने का उल्लेख किया गया है। संबंधित द्वारा कभी-कभार शराब सेवन करने की बात स्वीकार किए जाने का भी आदेश में उल्लेख है। निरीक्षण में पाया गया कि प्रधान पाठक बिना अनुमति शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष का उपयोग व्यक्तिगत निवास के रूप में कर रहे थे, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक वातावरण प्रभावित हो रहा था। शिक्षक दैनंदिनी का संधारण भी नहीं किया गया था। ⏭शेष पेज 2 पर

शस्त्र पूजन कर दिया परंपरा और संस्कारों का संदेश



विजयादशमी पर आरएसएस ने मनाया स्थापना दिवस

बैकुण्ठपुर। विजयादशमी पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परशुराम शाखा द्वारा बैकुण्ठपुर के महलपारा स्थित दिव्य लोक परिसर में स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संघ से जुड़े पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केनापारा के उपसरपंच नन्हू राजवाड़े उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सह जिला प्रचार प्रमुख शैलेंद्र शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विजयादशमी पर्व के महत्व और शस्त्र पूजन की परंपरा के संबंध में विचार रखे गए। आयोजन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोग शामिल हुए।

पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि समारोह, विधायक, कलेक्टर हुए शामिल

पुलिस स्मृति दिवसः अमर शहीदों के बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





पुलिस स्मृति दिवस पर 21 अक्टूबर को रक्षित केंद्र बैकुण्ठपुर में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों के द्वारा शहीद स्तंभ पर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

विदित हो कि देश की सुरक्षा, शांति और जनसेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस शहीदों की स्मृति में रक्षित केन्द्र मैदान बैकुंठपुर में पुलिस स्मृति दिवस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:45 बजे हुआ तथा संपूर्ण परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर द्वारा किया गया, जिन्होंने शहीद परेड एवं शोक शस्त्र की कार्रवाई का निर्देशन करते हुए श्रद्धांजलि समारोह को अनुशासित ढंग से संपन्न कराया। शहीद स्मृति दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक कोरिया हरीश राठौर के द्वारा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व मंत्री भईयालाल रजवाड़े, कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस नजीर अजहर, तहसीलदार प्राजंल मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीओपी मोहसीन खान सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम परेड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री राठौर ने पोडियम पर स्थान ग्रहण किया। पॉल बेयरर पार्टी द्वारा शहीदों के नामों की सूची पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई, जिसके उपरांत एसपी ने बीते वर्ष शहीद हुए अमर शहीदों के 154 नामों का वाचन करते हुए उन्हें नमन किया। सूची को तत्पश्चात सम्मानपूर्वक शहीद स्मारक स्थल पर रखा गया, जहां उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं नागरिकों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। ⏭शेष पेज 2 पर

MARK OF EXCELLENCE
मार्क हॉस्पिटल में
उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ
लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।
- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैंक्रियाज़ रोग का इलाज

प्रमुख सर्जरी
- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार



✓ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✓ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✓ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✓ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS

खबर संक्षेप

ताइक्वांडो में रिद्धि कश्यप ने जीता रजत पदक

शंकरगढ़। 26 वीं राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शंकरगढ़ निवासी रिद्धि कश्यप ने द्वितीय स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। रायपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में रिद्धि ने अंडर-14 बालिका वर्ग के 32-35 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।



रिद्धि कश्यप, शंकरगढ़ निवासी मनीष कश्यप की पुत्री एवं विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप की भतीजी हैं। वह पीएम श्री सेजेस शंकरगढ़ में कक्षा छठवीं की छात्रा हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करना रिद्धि की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और शंकरगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पुलिया से टकराई बाइक एक युवक की मौत

अम्बिकापुर। जगराता कार्यक्रम देखकर लौट रहे बाइक सवार ग्राम रजबहर के समीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार मैयाथान अंतर्गत ग्राम सत्य नगर निवासी शिव नारायण आ. महेश (25 वर्ष) गत दिन चचेरा भाई के साथ जगराता कार्यक्रम देखने रजबहर गए थे। रात को दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही रजबहर पुलिया के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गए। दुर्घटना में शिव नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके चचेरे भाई को मामूली चोटे आई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन शिव नारायण को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

स्कूटी की टक्कर से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। भूषा लेकर घर आ रहे स्कूटी सवार ग्रामीण को पीछे से आ रहे स्कूटी चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कतकालों निवासी हीरा लाल महंत आ. स्व. प्रहलाद महंत (47 वर्ष) रविवार को स्कूटी से भूषा लेने करजी चौक गया था। शाम को भूषा लेकर जैसे ही घर के सामने मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएल 0386 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एसईसीएल के 7 माइनिंग अफसरों के तबादले कृष्णा कुमार खदान के नए मैनेजर होंगे

बिश्रामपुर। एसईसीएल में माइनिंग संवर्ग के 7 अफसरों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है,गुरुवार 20 अक्टूबर को तीन अफसरों के संशोधित तबादला आदेश के साथ चार अन्य अधिकारियों के प्रभार बदले गए हैं।जारी आदेश में एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा सुनील प्रसाद को सोहागपुर एरिया का जीएम ऑपरेशन नियुक्त किया गया है,संजय सिंह सब एरिया मैनेजर राजगमार कोरबा एरिया से बंगवार एवं दामिनी एरिया सोहागपुर का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है। राजेश खम्परिया को सोहागपुर हेड क्वार्टर पोस्टिंग दी गई है,रेजा अहमद चिरमिरी से एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा बिश्रामपुर रेहर खदान में बतौर मैनेजर पदस्थ जीएस ठाकुर को राजगमार यूजी कोरबा का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है।

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

बारिश के दौरान 8 किमी कंठी घाट सड़क की हालत हो गई थी दयनीय

बलरामपुर से सामरी कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बस संचालन नहीं होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



पिछले दिनों जिले में हुई भारी बारिश तथा जिला मुख्यालय से महाराजगंज चांदों सामरी से होते हुए कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बसों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध नहीं हटने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लगभग 8 किलोमीटर लंबी कंठी घाट मार्ग की सड़क बारिश में खराब हो जाने के कारण कलेक्टर के निर्देश अनुसार भारी वाहन एवं यात्री बसों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन झमाझम बारिश का दौर थमने और मौसम साफ होने के बाद भी मार्ग के चालू नहीं होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बलरामपुर जिले में तीन माह पूर्व लगातार बारिश होने के वजह से कलेक्टर के निर्देशानुसार बलरामपुर से कंठी घाट होकर के कुसमी जाने वाली जाने वाली मार्ग को भारी वाहनों के लिए और यात्री बसों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में परेशानी होना प्रारंभ हो गया 3 महीना का समय किसी तरह लोगों द्वारा बीता दिए लेकिन अब बारिश का दौर थम गया है इसके बावजूद समय पर सड़कों की मरम्मत नहीं होने से परिवहन सेवा प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और कलेक्टर को पहल करना चाहिए कि कंठी घाट की यथाशीघ्र मरम्मत करना चाहिए ताकि फिर से परिवहन सेवा चालू हो सके और लोगों को हो रहे परेशानी से मुक्ति मिल सके। मार्ग प्रतिबंधित होने से बलरामपुर से कंठी घाट होकर के कुसमी जाने वाले सभी वाहनों को वर्तमान में बलरामपुर राजपुर शंकरगढ़ होकर के कुसमी जाना पड़ रहा है जिससे लगभग 50 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रहा है। लोगों को अतिरिक्त दूरी के साथ लगभग 2 घंटे से भी अधिक की समय अतिरिक्त बर्बाद हो रहा है।

ऐसे में कुसमी करौंदा से रामानुजगंज न्यायालय जाने वाले लोगों तथा रामानुजगंज और मुख्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समय एवं पैसों की बर्बादी- पिछले 3 महीना से बसों का संचालन नहीं होने से लोगों को न सिर्फ परेशानी हो रही है बल्कि अतिरिक्त समय और पैसों की बर्बादी हो रही है। लोगों का कहना है कि ज्यादा खर्च में हमें कम लाभ हो रहा है पहले कम खर्चे में कम समय में लाभ प्राप्त होता था। साथ ही लंबी दूरी तय कर गाड़ी चलाने से वाहनों में भी खराबी आ रही हैं वहीं लंबी दूरी तय कर गंतव्य तक जाने के कारण समय की भी बर्बादी हो रही है।

छात्रों और मरीजों की बढ़ी परेशानी

बरसात समाप्त होने के बाद भी कंठी घाट मार्ग के प्रारंभ नहीं होने के कारण छात्रों एवं मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों छात्र परीक्षा देने बस से बलरामपुर आ रहा था बस शंकरगढ़ राजपुर हो करके बलरामपुर देरी से पहुंचा जिसके कारण छात्र परीक्षा देने से वंचित हो गया। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय जिले के दूरदराज क्षेत्र से आने वाले मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बस संचालन की मांग

क्षेत्र के लोगों ने बलरामपुर से महाराजगंज होते हुए कुसमी पहुंच मार्ग को जल्द शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कंठी घाट मार्ग की 8 किमी सड़क खराब है। बारिश थमने और मौसम साफ होने के बाद भी मरम्मत शुरू नहीं की गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कंठी घाट के यथा शीघ्र मरम्मत करा कर बसों का संचालन प्रारंभ करें जिससे लोगों को राहत मिल सके।



विजयादशमी पर क्षत्रिय भवन में हुआ विधिवत शस्त्र पूजन

बिश्रामपुर। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को नगर के क्षत्रिय भवन में क्षत्रिय समाज की ओर से पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया गया तथा समाज की परंपरा, गौरव और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकता, आपसी सद्भाव और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सदस्यों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में कार्यक्रम को और बेहतर, व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी ने समाज हित में मिलकर कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को और सक्रिय बनाने की बात कही। कार्यक्रम में जीएम ऑपरेशन अतुल सिंह, सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह, सुजीत सिंह, बी. किशोर, सचिव रमेश सिंह, दीपेंद्र चौहान, चंदन सिंह, अवनीश सिंह, प्रणय सिंह राणा, गोपाल सिंह विद्रोही, गौतम सिंह, आशीष सिंह, प्रेमचंद्र सिंह, रमाशंकर सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, नीरज सिंह, उमेश सिंह, उज्ज्वल सिंह, अंकित सिंह चौहान सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

नौ दिनों तक माताराणी की भक्ति के बाद कालरात्रि मंदिर में जवारा विसर्जन



बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक भक्ति, आस्था और साधना से सराबोर रहे केनापारा स्थित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में मंगलवार को विधि-विधान के साथ ज्वारा विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों ने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना की। नौ दिनों तक माता की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने परंपरानुसार ज्वारा विसर्जन कर शारदीय नवरात्र को भावपूर्ण विदाई दी। कोयलांचल क्षेत्र में विशेष आस्था के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में नवरात्र के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। नौ दिनों तक श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते रहे। नवरात्र की पूर्णाहुति के अवसर पर ज्वारा विसर्जन के साथ ही मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। ज्वारा विसर्जन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भक्तों की अटूट आस्था, विश्वास और मां के प्रति समर्पण का प्रतीक भी है। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। साथ ही भक्तों ने अगले वर्ष पुनः नवरात्र में माता की आराधना करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की।धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के साथ मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र का पर्व संपन्न हुआ।



गरबा-डांडिया उत्सव में उमड़ा आस्था और उत्साह का सैलाब, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रतापपुर। नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की भक्ति, श्रद्धा और आस्था से सराबोर नगर में मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में गरबा-डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा स्टेडियम ग्राउंड माता रानी की भक्ति एवं उत्साह से गुंजायमान हो उठा। गरबा उत्सव में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकर्षक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के हाथों में डांडिया और गरबा की धुन पर थिरकते नजर आए। विशेष रूप से महिलाओं में गरबा-डांडिया को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिलाएं अपने परिजन के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं और एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों एवं गरबा की धुन पर जमकर नृत्य करती नजर आईं। रंग-बिरंगे परिधानों, डांडिया की खनक और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी में गरबा उत्सव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गरबा-डांडिया नृत्य कर नवरात्रि महापर्व को उल्लास और उमंग के साथ मनाया। आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल,नवीन सोनू जायसवाल, विनोद जायसवाल,सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल आदि शामिल रहे।

साड़ी खरीदने के बहाने दुकान में घुसी महिलाएं 36 हजार की साड़ियां चुराई, 12 आरोपी गिरफ्तार



बिश्रामपुर। लटोरी-करवाँ मार्ग स्थित विकास वस्त्रालय में साड़ी खरीदने के बहाने पहुंचीं महिलाओं ने शातिर तरीके से 36 हजार रुपये की साड़ियां पार कर दीं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 महिलाओं और दो पुरुषों सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई साड़ियां भी बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक विवेकानंद विश्वास पिता सुशील विश्वास ने शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे दो कारों से आधा दर्जन महिलाएं उनकी दुकान पहुंचीं,महिलाओं ने साड़ियां दिखाने को कहा,दुकानदार उन्हें साड़ियां दिखाने में व्यस्त था,तभी महिलाओं ने मौका देख पांच साड़ियां छीपाकर पार कर दीं,इसी समूह की कुछ महिलाएं दुकान से लगे गोदाम में भी साड़ियां देखने के बहाने पहुंचीं और वहां से साड़ियों का एक बंडल लेकर चुपके से निकल गईं। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

बनारस रोड पर तंबू लगाकर बेचने की फिराक में थीं - शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की,इसी दौरान पता चला कि संदिग्ध महिलाएं बनारस रोड पर सड़क किनारे तंबू लगाकर चोरी की साड़ियां बेचने के लिए बैठी हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को हिरासत में लिया और चौकी लाकर दुकान संचालक से पहचान कराई। इसके बाद चोरी गई साड़ियां बरामद कर ली गईं। सभी आरोपी राजस्थान के बारां जिले के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं।

पृष्ठ 1 का शेष

दूसरे दिन भी...

झुमका बांध तट पर स्थित कुण्ड मूर्ति विसर्जन के लिए कतार लगी थी और देर रात तक विसर्जन का क्रम चलता रहा। शेष स्थानों पर बची हुई मां दुर्गा की प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ विसर्जन के लिए ले जाया गया।

चरचा कॉलरी में...

इस वर्ष विसर्जन यात्रा में विशेष उत्साह देखने को मिला। डीजे की धुन और मां दुर्गा के जयकारों के बीच निकली यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। एसईसीएल चरचा आरओ के दुर्गा पूजा आयोजन की खास बात यह है कि इसमें एसईसीएल में कार्यरत कर्मचारियों के एक दिन के वेतन से प्राप्त सहयोग का उपयोग किया जाता है। कर्मचारियों के सामूहिक सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी श्रद्धा और उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाते हैं। इस वर्ष विसर्जन यात्रा को जिस धूमधाम और उल्लास के साथ निकाला गया, वह श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, मिलनी क्लब बंगाली समाज के दुर्गा पंडाल में भी मां दुर्गा की प्रतिमा की विदाई श्रद्धा एवं परंपरागत उत्साह के साथ की गई।

रामपुर कॉलोनी में...

देखने को मिला। ढाक की थाप, शंखध्वनि और जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सिंदूर खेला बंगाली संस्कृति की एक अत्यंत पवित्र और प्राचीन परंपरा है। यह केवल एक खेल नहीं, बल्कि नारी शक्ति, एकता, अखंड सुहाग और मां दुर्गा के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन सिंदूर खेलने से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस अवसर पर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंडल की सदस्याएं एवं एसईसीएल कॉलोनी के सैकड़ों श्रद्धालु परिवार सहित उपस्थित रहे।

मां दुर्गा को सिंदूर...

सौभाग्य और मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है। महिलाओं ने मां दुर्गा के समक्ष प्रार्थना करते हुए परिवार में प्रेम, एकता और समृद्धि बनाए रखने की कामना की। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना करने के बाद विदाई की बेला श्रद्धालुओं के लिए भावुक क्षण लेकर आई। जिन दुर्गा पंडालों में पिछले नौ दिनों से सुबह-शाम आरती और माता के जयकारे गूंज रहे थे, वहां विदाई से पहले श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया। भक्तों ने माता रानी से प्रार्थना की कि उनकी कृपा सभी पर बनी रहे और क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि तथा खुशहाली का वातावरण कायम रहे। चरचा कॉलरी में नवरात्र पर्व के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता भी देखने को मिली। विभिन्न पूजा समितियों के माध्यम से आयोजित कार्यक्रमों ने लोगों को एकजुट किया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ नवरात्र मनाते हुए मां दुर्गा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।


लापरवाही पर बुड़ार...

विद्यालय में पहली से पांचवीं तक 53 तथा बालवाड़ी में सात सहित कुल 60 बच्चे दर्ज हैं। निरीक्षण के समय इनमें से 40 बच्चे उपस्थित मिले। छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक बोध स्तर मध्यम पाया गया। उपस्थिति पंजी में विद्यार्थियों की अपार आईडी, पता, जाति और मोबाइल नंबर सहित आवश्यक विवरण दर्ज नहीं थे। स्टॉक पंजी एवं अन्य अभिलेखों के नियमित और नियमानुसार संधारण में भी कमियां पाई गईं। इन अनियमितताओं के संबंध में प्रधान पाठक को एक अक्टूबर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में श्री पैकरा का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बैकुंठपुर निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

पुलिस स्मृति दिवसः ...

इसके पश्चात शोक शस्त्र, सलामी और पुनः सलामी की कार्रवाई संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र (रीथ) चढ़ाकर शहीदों के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात शहीद परिवारजन का सम्मान किया गया। एसपी हरीश राठौर ने जानकारी देते हुए कहा कि कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस के अमर शहीदों को आज हम नमन करते हैं। वर्ष 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा के लिए शहीद हुए हमारे वीर साथियों की स्मृति में ही प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। देश की आजादी के बाद से अब तक अनगिनत पुलिसकर्मियों ने राष्ट्र की अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। बीते एक वर्ष में 154 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य पथ पर बलिदान हुए हैं, जिनकी स्मृति में यह श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाता है।

शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-

1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होना-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे

1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. जेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

■	स	ला	म	न	■	म	हा	व	र	■
का	म	■	ही	र	■	म	सि	■	थ	ल
की	■	शा	न	■	वं	■	ल	ब	■	क्य
■	■	य	■	म	हा	न	■	र	■	■
■	फ	र	मा	न	■	र	स	खा	न	■
का	की	■	ल	■	■	■	न	■	ह	लि
■	र	नि	वा	स	■	ह	म	द	म	■
■	■	य	■	र	ज	क	■	स्त	■	■
जा	■	म	जा	■	हो	■	श	क	■	का
न	शा	■	य	म	■	या	प	■	सा	या
■	म	हा	का	ल	■	ल	ब	प	थ	■

सूडोकु नवताल- 6395

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6394 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला

जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर



नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविंका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

खबर संक्षेप

विजयादशमी पर किया गया विशाल भंडारा

रामानुजनगर। विकासखंड के ग्राम पंचायत द्वारिकापुर स्थित शतचंडी मां दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। आस्था, भक्ति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन गया है।
मंदिर के पुजारी पंडित विनय दूबे ने बताया कि वर्ष 2022 में मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया था। इसके बाद मंदिर की धार्मिक पहचान और अधिक मजबूत हुई। मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं।
मंदिर के संरक्षक परमेश्वर यादव ने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के राम अवतार सिंह, अमन, प्रतीक यादव, गजेंद्र राजवाड़े, सुरज साय सिंह, जय बाल सिंह, रामलाल साहू, रामलाल देवांगन, नानो बाई, बबीता सिंह, बुधानो बाई, निराशो सिंह, सुनील साहू, राधा साहू, पवन यादव, धनीराम, तुलसीराम यादव, श्यामलाल साहू, मनीष, नवीन दुबे एवं ओमप्रकाश सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हैं।

वृद्धजनों को भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

मड़वारानी। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ एवं समाजसेवी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी गोविंदा सारथी अशोक पटेल क्रांतिकारी योद्धा जिला अध्यक्ष कौशल चौहान, नगर अध्यक्ष सोनू मंहत, ब्लाक अध्यक्ष मनोज यादव, कैलाश दास महंत, एवं समस्त पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैटरिंग कुक द्वारा छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के लिए निशुल्क भोजन बनाया गया। दिलेश्वर महंत यह निशुल्क भोजन बरपाली कोषाध्यक्ष धनसिंह कंवर द्वारा आयोजित किया गया था।

जिला मुख्यालय में की गई मां की पूजा अनुष्ठान

बलरामपुर। शारदीय नवरात्र के आज 9 वे दिन जिला मुख्यालय में की मां सिद्धिदात्री की भव्य पूजा अनुष्ठान किया गया। पूजा अनुष्ठान प्रसाद दोपहर में पूर्ण आहुति की कार्यक्रम हुई इसके साथ ही मां दुर्गा के नवे स्वरूप का पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ संपूर्ण पूजन कार्यक्रम के पश्चात दोपहर से सभी पंडालों में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद लेने के लिए दोपहर से शाम तक लोग लाइन में लग रहे। जिला मुख्यालय में पहली बार ऐसा देखने को मिला कि भंडारे का प्रसाद लेने के लिए लोग लाइन में घंटे खड़े रहे। लाइन में खड़े लोगों ने बताया कि यह भी एक मां दुर्गा के आराधना का ही रूप है की प्रसाद पाने के लिए हमें लाइन में खड़े होना पड़ रहा है यह हमारे सौभाग्य की बात है। आज जिला मुख्यालय के पंडालों में जगराता के साथ-साथ डांडिया गरबा कार्यक्रम की आयोजन किया गया है। मंगलवार की देर शाम दशहरा के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम हाई स्कूल ग्राउंड पर होगा।

कल सभी स्टेशनों पर होगा रेल जनसंवाद

बिश्रामपुर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार विशेष अभियान 6.0 के तहत 22 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर 'पैन इंडिया रेल जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें रेलवे अधिकारी यात्रियों, युवाओं और आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुनेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्री सुविधाओं में सुधार, रेलवे सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाना तथा यात्रियों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण करना है। स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता और अन्य रेल सेवाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को दर्ज कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भव्य रावण दहन के साथ गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

बैकुंठपुर में विजयादशमी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक विजयादशमी महापर्व जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोरिया सर्व विकास समिति द्वारा आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए।



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विशाल जनसमूह की उपस्थिति, आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाद के विशाल पुतलों के दहन ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े एवं कोरिया सर्व विकास समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओ और आमजन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विजयादशमी महोत्सव का मुख्य आकर्षण विशालकाय रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन रहा। विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव द्वारा पुतलों का दहन किया गया। जैसे ही विशाल पुतले धूं-धूं कर जलने लगे, पूरा मिनी स्टेडियम जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आतिशबाजी और हजारों नागरिकों के उत्साह ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। उपस्थित जनसमूह ने बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हुए समाज में शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। स्थानीय प्रतिभाओं को मिला मंच, बालक-बालिकाओं और कलाकारों का हुआ सम्मान। इस वर्ष दशहरा महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल रही। आयोजन समिति ने क्षेत्र के प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं, गायन एवं वादन से जुड़े कलाकारों तथा सांस्कृतिक दलों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विशेष रूप से प्रसिद्ध भजन गायक संजय चिकंजूरी की भक्तिमय प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। उनके भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कोरिया सर्व विकास समिति द्वारा आयोजित भव्य विजयादशमी महोत्सव की सराहना की। कोरिया सर्व विकास समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समिति के सचिव विवेक गुप्ता, राधे वेलफेयर सोसाइटी के अभय बडेरिया एवं उनकी पूरी टीम सहित कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और संचालन से जुड़े सभी सहयोगियों को सम्मानित किया। बैकुंठपुर सहित कोरिया जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक दशहरा महोत्सव देखने पहुंचे। बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

बिजुरी में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी



अनूपपुर जिले की कोयलांचल नगरी बिजुरी में नवरात्रि एवं विजयादशमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का वार्ड क्रमांक 14 स्थित लोहसरा मैदान में बनाए गए विसर्जन कुंड में विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। वहीं, शाम को दशहरा पर्व के तहत रावण दहन का आयोजन हुआ। धार्मिक आस्था और पारंपरिक उत्सव के संगम ने पूरे नगर को भक्तिमय एवं उत्सवी माहौल से सराबोर कर दिया। नगर के विभिन्न पूजा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्राएं निकाली गईं।

ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु माता की प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुए। इस दौरान जय माता दी और मां दुर्गा की जय के जयकारों से नगर का वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां भवानी को विदाई देते हुए सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विसर्जन शोभायात्राओं के दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शरबत और प्रसाद की व्यवस्था की गई। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार काली निकालने और जवारा विसर्जन की रस्में भी श्रद्धा एवं आस्था के साथ संपन्न हुईं। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ नगर में आपसी सहयोग और सामाजिक सहभागिता का माहौल देखने को मिला। विजयादशमी के अवसर पर लोहसरा मैदान में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम होते ही मैदान में नगरवासियों की भीड़ जुटने लगी। आकर्षक आतिशबाजी और जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया। धू-धू कर जलते पुतले और आतिशबाजी के नजारे ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा वार्ड क्रमांक 14 स्थित लोहसरा मैदान में विशेष विसर्जन कुंड तैयार कराया गया था। विसर्जन स्थल की साफ-सफाई कराते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। प्रतिमाओं के क्रमबद्ध विसर्जन में नगरपालिका कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए जरूरी इंतजाम भी किए गए। नगरपालिका की ओर से विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाएं बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे धार्मिक कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके।


सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही बिजुरी पुलिस

विसर्जन शोभायात्राओं और रावण दहन कार्यक्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिजुरी पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। प्रमुख चौराहों, विसर्जन मार्गों और लोहसरा मैदान में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिसकर्मियों ने भीड़ एवं यातायात व्यवस्था पर नजर रखते हुए आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में भूमिका निभाई। नगरपालिका परिषद और पुलिस प्रशासन के समन्वय से विसर्जन एवं दशहरा कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, धार्मिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता का वातावरण बना रहा।

श्रमवीर स्टेडियम में धूमधाम से हुआ रावण दहन

विधायक भईयालाल ने किया 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

चरचा कॉलरी। कोयलांचल क्षेत्र के नगर पालिका शिवपुर-चरचा में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। दशहरा पर्व के अवसर पर चरचा के श्रमवीर स्टेडियम में रावण दहन समिति द्वारा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी श्रमवीर स्टेडियम पहुंचे। रावण के पुतले के दहन के साथ ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रावण दहन समिति द्वारा प्रतिवर्ष श्रमवीर स्टेडियम में रावण दहन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी समिति ने आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की थीं। 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। रावण दहन के दौरान उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन का आनंद लिया। रावन दहन से पूर्व समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिससे रावन दहन देखने आते श्रोतागण भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, सह क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, पंकज गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं रावण दहन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम चरचा क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। रावण दहन के अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं। परिवार के साथ रावण दहन देखने पहुंचे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। रावण दहन का आयोजन केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को अहंकार, अन्याय और बुराइयों का त्याग कर सत्य, सदाचार एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम की विजय की स्मृति में मनाया जाने वाला विजयादशमी पर्व प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अच्छाई अपनाने और सामाजिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश देता है। श्रमवीर स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के साथ ही चरचा क्षेत्र में दशहरा पर्व का उत्साह देखने को मिला। आयोजन ने क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को एक बार फिर जीवंत कर दिया। क्षेत्रीय विधायक भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। इस वर्ष भी समिति द्वारा 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण कराकर भव्य आयोजन किया गया।



पोखरी तालाब के बीच टापू पर हुआ रावण दहन

कोरिया कॉलरी। असत्य पर सत्य की विजय अधर्म पर धर्म की जीत और बुराई पर अच्छाई के प्रतीक विजयादशमी का पर्व नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यहां ऐतिहासिक पोखरी तालाब के बीचोंबीच स्थित पथरीले टापू पर रावण दहन का आयोजन किया गया। तालाब में लबालब भरे पानी के बीच टापू पर खड़े विशालकाय रावण के पुतले का दहन आकर्षण का केंद्र रहा। इस अनूठे आयोजन को देखने के लिए स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने रावण दहन कर क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रावण दहन के साथ ही पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद शानदार आतिशबाजी ने आसमान को रोशनी से भर दिया। वहीं, जगराता कार्यक्रम में लोगों ने भक्ति संगीत का जमकर आनंद लिया। कोरिया कॉलरी का ऐतिहासिक पोखरी तालाब वर्षों से अपने अनोखे



रावण दहन आयोजन के लिए पहचाना जाता है। सामान्य तौर पर मैदानों में रावण के पुतले का दहन किया जाता है, लेकिन कोरिया कॉलरी में तालाब के बीच स्थित पथरीले टापू पर रावण दहन की परंपरा इस आयोजन को विशिष्ट बनाती है। तालाब के चारों ओर पानी भरा रहता है और बीच में स्थित टापू पर रावण का विशालकाय पुतला स्थापित किया जाता है। पानी के बीच खड़े रावण के पुतले का दहन देखने का नजारा लोगों के लिए खास आकर्षण बन जाता है। यही वजह है कि कोरिया कॉलरी का यह आयोजन स्थानीय लोगों के बीच अपनी अलग पहचान रखता है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी पूरी श्रद्धा, उत्साह और सामूहिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। दशहरा के अवसर पर यहां का दृश्य लोगों को आकर्षित करता है और आयोजन को यादगार बनाता है। तालाब के बीचों बीच स्थित टापू पर रावण दहन की व्यवस्था करना आयोजकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। चारों तरफ पानी से घिरे होने के कारण पुतले के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को टापू तक पहुंचाने के लिए विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। रावण दहन समिति के कार्यकर्ताओ ने ड्रम की मदद से नाव तैयार की और मोटी रस्सियों के सहारे पुतला निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को टापू तक पहुंचाया। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति, स्थानीय कलाकारों की मेहनत, समिति के कार्यकर्ताओं का समर्पण और नागरिकों के उत्साह ने इस आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया।

दुर्गा पंडाल में चेन चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल में आरती के दौरान महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की चेन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, तेलीपारा की आरके बूट हाउस गली निवासी श्वेता कश्यप पति दिलीप कश्यप 18 अक्टूबर की रात तेलीपारा स्थित शहीद चंद्रशेखर दुर्गा पंडाल में आरती करने गई थीं। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से 14 ग्राम वजनी सोने की चेन चोरी कर ली गई। चेन की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दुर्गा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के आधार पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र के केराडोर, पोड़ी निवासी वर्षा बंसल पति विजय बंसल (23), आशा बंसल पति कृष्णा बंसल (30) और सबिता उर्फ सरिता पति जगत बंसल (30) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ



आरोपी महिलाएं।

में तीनों महिलाओं ने श्वेता कश्यप के अलावा एक अन्य महिला के गले से भी सोने की चेन चोरी करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की चेन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

जीभ में बाना भेदकर निकाली गई शोभायात्रा

बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर



शारदीय नवरात्रित के महानवमी के अवसर पर मायापुर स्थित देवी धाम से बाजे-गाजे के साथ गत दिन मां की जवारा निकाली गई। नगर भ्रमण पश्चात मां महामाया मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाना को जीभ से आरपार भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। इस बीच शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत व पूजा अर्चना की गई।

मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से गत दिन जवारा विसर्जन के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला व पुरुष भक्तो ने अपने जीभ में बाना भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। धाम से निकली शोभायात्रा मायापुर, गुरुनानक चौक, महामाया चौक, समलाया मंदिर होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंची जहां जवारा का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। बताया गया कि मायापुर स्थित देवी धाम पिछले 100 वर्ष से अधिक समय से जवारा रखा जा रहा है तथा परम्परा का निवर्हन पुजारी रामानंद सिंह द्वारा किया जा रहा है। मान्यता है कि इस धाम में देवी का वास श्रद्धालुओं पर होता है तथा श्रद्धालु अपने जीभ में लोहे के बने बाना को जीभ में आरपार कर देवी को खुश करते है। शोभायात्रा के दौरान अतिश सिंह (सिन्टू सिंह), कालीचरण, पूनम सिंह, कृष्णा अगरिया, प्रीति सिंह, पलक सिंह, अविनाश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अर्पिता सिंह, सुमित अग्रवाल, अंकुश, कृष्णा अगरिया, राजेश गुप्ता, आलोक बारी, नमन सोनी, निशांत सोनी, दिव्यांश सिंह, विरेन्द्र सोनी, दिनेश बारी, आलोक बारी, सिलू अगरिया, देवी राम, आकाश कश्यप, हर्ष बारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

